दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 146 मुरादाबाद 21 September 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## लोगों का भरोसा बनाए रखना फिनटेक उद्योग की जिम्मेदारी, वित्तीय सुरक्षा के लिए करने होंगे अथक प्रयास- पीएम मोदी



मुंबई- प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने मंगलवार को कहा कि फिनटेक क्षेत्र को लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए सुरक्षा और विश्वसनीयता जैसे मुद्दों पर अथक प्रयास करने की जरूरत है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि यह क्षेत्र कई तरह के चमत्कारों से भरा है और उन पर काम किया जा सकता है।पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि नवाचार हमारा मंत्र रहा है। उन्होंने कहा कि जन-धन, आधार और मोबाइल द्वारा सार्वजनिक वितरण में क्रांति आई है। डिजिटल भुगतान को जीवन का एक अंग बनाने में यूपीआई की सफलता और फिनटेक तथा स्टार्टअप स्पेस में नवाचार से भारत की ख्याति बढ़ी है। कार्यक्रम में पीएम मोदी का भाषण जीएफएफ 2022 सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष क्रिस गोपालकृष्णन ने पढ़ा।

### अभूतपूर्व है बैंकिंग सेक्टर की प्रगति

पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि कुछ दिन पहले हालत यह थी कि आबादी के एक बड़े हिस्से को बैंकिंग सुविधाएं मयस्सर नहीं थीं और अब भारत बैंकों तक पहुंच के मामले में न केवल पूर्णता की ओर बढ़ रहा है, बल्कि डिजिटल रूप से पूरी तरह तैयार है। यह एक अभूतपूर्व यात्रा रही है।

### लोगों का भरोसा कायम रखना बड़ी जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री ने कहा कि फिनटेक डोमेन से जुड़े लोग अच्छी तरह जानते हैं कि नवाचार को बनाए रखना बहुत जरूरी है। सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए लोगों के भरोसे को बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए तेजी से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में फिनटेक डोमेन ने समावेशी होने के कारण लोगों का भरोसा जीता है। गरीब से गरीब व्यक्ति को बेहतर गुणवत्ता वाली वित्तीय सेवाएं देकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। पीएम मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन में होने वाला विचार-विमर्श इस बात पर केंद्रित होगा कि फिनटेक क्षेत्र %अमृत काल% में एक महत्वपूर्ण भूमिका कैसे निभा सकता है, जिससे एक मजबूत, समृद्ध और समावेशी भारत का निर्माण हो सके।

## राजस्थान में लंपी से हजारों मवेशियों की मौत पर बवाल, गहलोत सरकार के खिलाफ जयपुर में BJP का प्रदर्शन







जयपुर- राजस्थान में लंपी वायरस जमकर कहर बरपा रहा है। लंपी वायरस के कारण राज्य में हजारों गायों की जान जा चुकी है। वहीं, इस मुद्दे को लेकर विपक्षी पार्टी भाजपा राज्य की गहलोत सरकार पर हमलावर है। राजधानी जयपुर में भाजपा कार्यकर्ता गहलोत सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जयपुर में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता आज सड़कों पर उतरे हैं। पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की हुई है। प्रदर्शनकारी गहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। पुलिस उन्हें रोकने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है।

### बैरिकेड पर चढ़े कार्यकर्ता

भाजपा के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेडिंग की हुई है। हालांकि, भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेड पर चढ़ गए। राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सतीश पूनिया भी एक बैरिकेड के ऊपर चढ़ गए। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल भी किया।

### 60 हजार से ज्यादा गायों की मौत

गौरतलब है कि राजस्थान में लंपी वायरस की वजह से बीते तीन महीने में 60 हजार से ज्यादा गायों की मौत हो चुकी है। वहीं, 8 लाख गोवंश लंपी से संक्रमित हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश के 22 जिलों में लंपी चर्म रोग फैल चुका है। लंपी वायरस से हुई बड़ी संख्या में मौत की वजह से प्रदेश में दूध का उत्पादन भी घट गया है। दूध की कमी से कई जिलों में इसके दाम बढ़ गए हैं।

www.knlslive.com

## अखिलेश के धरने पर मायावती का योगी सरकार पर हमला, अनुमति न देना तानाशाही



बसपा सुप्रीमो मायावती ने बिना नाम लिए सपा के धरने पर योगी सरकार को घेरा है। मायावती ने मंगलवार सुबह ट्वीट कर कहा कि विपक्षी पार्टियों को सरकार की जनविरोधी नीतियों व उसकी निरंकुशता तथा जुल्म-ज्यादती आदि को लेकर धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं देना भाजपा सरकार की नई तानाशाही प्रवृति हो गई है। साथ ही बात-बात पर मुकदमे व लोगों की गिरफ्तारी और विरोध को कुचलने की बनी सरकारी धारणा अति-घातक है।मायावती ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा फीस में एकमुश्त भारी वृद्धि करने के विरोध में छात्रों के आन्दोलन को जिस प्रकार कुचलने का प्रयास जारी है वह अनुचित व निन्दनीय है। बीएसपी की मांग है कि यूपी सरकार अपनी निरंकुशता को त्याग कर छात्रों की वाजिब मांगों पर सहानुभतिपूर्वक विचार करे। मायावती ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था आदि के प्रति यूपी सरकार की लापरवाही के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन नहीं करने देना सही नहीं है। मायावती ने कहा कि भाजपा जरूर सोचे कि विधानभवन के सामने बात-बात पर सड़क जाम करके आमजनजीवन ठप करने का उनका क्रूर इतिहास है।

www.knlslive.com

# धनीपुर गांव में दोनों सरकारी स्कूलों में जलभराव की स्थिति काफी गंभीर इसके लिए मेयर पूरी तरह से जिम्मेदार- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने धनीपुर में चारों तरफ क्षेत्र का दौरा किया धनीपुर के चारों ओर जलभराव की भयंकर स्थिति देखी गई इसे लेकर के किसानों में एवं जनता में रोष देखा गया है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि गांव धनीपुर में जलभराव की स्थिति काफी गंभीर हो गई है चारों रास्ता ऊपर चारों तरफ बहुत ही गंभीर जलभराव की स्थिति देखी गई है इसके लिए पूर्ण रूप से मेयर जिम्मेदार हैं मेयर ने कभी इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया अगर इन 5 वर्षों में इन समस्याओं की तरफ ध्यान दिया गया होता जो आज स्थिति जलभराव की बनी हुई है वह स्थिति आज की तारीख में दिखाई नहीं देती भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जूनियर हाई स्कूल धनीपुर का जायजा लिया वहां पर भी गंभीर जलभराव की स्थिति दिखाई दी पूरा स्कूल पानी में डूबा हुआ है इलाकों में पानी भर गया बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है इतना गंभीर जलभराव शायरी किसी स्कूल में देखा हूं जैसा कि जूनियर हाई स्कूल में है जूनियर हाई स्कूल धनीपुर की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है हर क्लास में पानी भरा हुआ ह

` पूरा प्रांगण में डूबा हुआ है स्कूल में कोई जगह ऐसी नहीं वहां जलभराव ना हो रहा हो चारों तरफ से स्कूल पानी में डूबा हुआ है इस संबंध में शिक्षा विभाग एवं नगर निगम ही जिम्मेदार है सरकार पूरा विकास के लिए पैसा दे रही है बराबर दे रही है वह पैसा समय से नहीं लगाया जा रहा है इसलिए यह स्थिति बनी हुई है नगर निगम की पूरी लापरवाही उसे सामने आती है इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी जाएगी अगर आप किसी की समस्या का समाधान नहीं हुआ मेयर के कार्यालय का घेराव भी हो सकता है मेयर सरकार के आदेश की अनदेखी कर रहे हैं उनकी जिम्मेदारी बनती है जब सरकार उनको बराबर पैसा दे रही है वह पैसा मेयर क्यों नहीं लगा रही है इसकी जांच कराई जाएगी शिक्षा विभाग को भी इसमें ध्यान देना चाहिए उनको भी लिखित कार्यवाही भेजनी चाहिए वह भी इस समस्या के लिए कम जिम्मेदार नहीं है

# साधन सहकारी समिति इमलिया करनपुर की स्थिति बदहाल



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया करनपुर के साधन सहकारी समिति के प्रांगण में गांव के कुछ लोगों द्वारा पानी गिराया जा रहा है जो उसी प्रांगण में आता है तथा प्रांगण में मिट्टी डालने के योग है लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा समिति के प्रांगण को देखते हुए अभी तक उसमे मिट्टी नहीं डाला गया इस संबंध में साधन सहकारी समिति के सचिव हरिराम ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया है कि समिति के नजदीक से नाली का निर्माण कराया जाए और समिति के प्रांगण में कुछ मिट्टी डाला दिया जाए जिससे पानी लगना बंद हो जाए साधन सहकारी समिति संचालित है इसमें धान गेहूं खरीद केंद्र भी स्थापित है अन्य सामग्री को वहां से लाने में परेसानिया पड़ती है इसलिए साधन सहकारी समिति के प्रांगण में मिट्टी डालना आवश्यक है और वहां से जल निकास के लिए नाली बना दिया जाए तो भी वहां पानी इकट्ठा नहीं होगा साधन सहकारी समिति सचिव ने इस संबंध में प्रार्थना पत्र तहसील दिवस जमुनहा में दिया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# खुले आसमान के नीचे पढ़ने को बेबस नौनिहाल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- उत्तर प्रदेश के जिस जिले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की थी आज उसी जिले में एक प्राथमिक विद्यालय के बच्चे भवन विहीन होकर खुले में पढ़ने को मजबूर है इन बच्चों को तपती धूप, बरसात और सर्दी की मार झेलनी पड़ रही है.दशकों पहले भले ही सरकारी विद्यालय भवन विहीन रहते थे. छात्र पेड़ की छांव में पढ़ाई करते थे. भारत अब 4 जी के डिजिटल युग में है, सरकार अपनी योजना से स्कूली व्यवस्था सुधारने के दावे करती है. लेकिन ब्लॉक जमुनहा के सलारू पुरवा में संचालित प्राथमिक विद्यालय की तस्वीर हैरान कर देने वाली है. भवन विहीन इस विद्यालय में हर तापमान में मासूम खूले आसमान में पढ़ाई करते नजर आ रहे हैं. दरअसल जिले में वर्ष 2017 में आयी बाढ़ के चलते हरिहरपुर रानी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बरंगा राप्ती के आगोश में समा गया जिससे यहाँ पर पढ़ने वाले नौनिहालों के भविष्य पर संकट के बादल छा गए इसी बीच ग्राम पंचायत कथरामाफी के मजरा सलारू गाँव निवासी किशोरी लाल वर्मा ने 16 बिसवां जमीन विद्यालय के नाम से रजिस्ट्री कर बच्चो को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की पहल की लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद जब भवन का निर्माण नही हुआ तो ग्रामीणों ने चंदा एकत्र करके किसी तरह टीनशेड की व्यवस्था कराई तब से आज तक ऐसे ही कभी टीनशेड तो कभी बाहर मैदान में बैठकर बच्चो को अध्यापकों द्वारा शिक्षा दी जा रही है। यहाँ 121 बच्चे पंजीकृत है

जिन्हें पढ़ाने के लिए एक प्रधानध्यापक और एक शिक्षामित्र की तैनाती है।पढ़ने वालें छात्रों का कहना है कि वे इसी तरह कई वर्षों से खुले में पढ़ाई करते हैं. गर्मी के दिन में लू लग जाती है बरसात में भीग जाते हैं तो ठंड के मौसम में ठंड लग जाती है. पीने के लिए एक नल तो है लेकिन शौचालय है ही नहीं. बच्चे कहते हैं क जिस तरह से अन्य स्कूलों में सुविधाएं है उसी तरह हमारे स्कूल में छांव और शौचालय की व्यवस्था भी कर दें.विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि उन्हें भी परेशानी होती है.जिसके लिए लिखित पत्र भी दिया और प्रत्येक महीने होने वाली मीटिंग में बराबर अवगत भी कराया लेकिन कोई कार्यवाही नही हो रही है शिक्षक भी धूप में खड़े होकर बच्चों को पढ़ाते हैं. एक शिक्षिका ने बताया कि बच्चों को दिक्कत तो है. बच्चे बीमार भी पड़ते हैं. हमलोग धूप से बचने के लिए कभी इस ओर तो कभी उस ओर कुर्सी लेकर जाते हैं. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कई बार लिखित शिकायत विभागीय तौर पर भी दिया जा चुका है. इस स्कूल में सिर्फ खानापूर्ति हो रही है. यहाँ शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है

# झाड़ू लगा कर दिया स्वच्छता का संदेश



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - झाड़ू लगा कर दिया स्वच्छता का संदेश मंगलवार को सुबह भाजपा नेताओं नें पीएम मोदी के जन्मदिन व सेवा पखवाड़ा दिवस के तहत स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जिसके तहत खुद सांसद नें झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया है बीजेपी के मंडल फर्रुखाबाद नगर पूर्वी के सेक्टर राजीव गांधी नगर में फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म और निकास द्वार की मुख्य सड़क पर सांसद मुकेश राजपूत व जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता व मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा के साथ झाड़ू लगायी और स्वच्छता का संदेश दिया7 सांसद मुकेश राजपूत नें कहा की स्वच्छता को लेकर पीएम मोदी नें जितना काम किया है उसका असर आज आम जनमानस पर साफ दिख रहा है आम आदमी अब सड़क पर अधिक गंदगी नही करनी चाहिए रेलवे स्टेशन पहले की अपेक्षा और अधिक साफ हैं इस दौरान कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, संजय गर्ग, भाजयुमो जिला महामंत्री राहुल राजपूत, अभय सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमित राजपूत आदि रहे मौजूद

# पंचायत भवन परिसर में प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा ने किया अवलोकन



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -सूचना निदेशालय लखनऊ द्वारा मण्डल मुख्यालय मुरादाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित 7 दिवसीय विकास चित्र प्रदर्शनी का आज राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा श्री जफर इस्लाम ने अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान शासन की प्राथमिकताओं के आलोक में विकास चित्र प्रदर्शनी का आयोजन आगामी 23 सितम्बर 2022 तक होगा। जनसामान्य अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पंचायत भवन परिसर मुरादाबाद में लगाई गयी विकास चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर अपने लाभ की जानकारी हांसिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकास चित्र प्रदर्शनी केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी उपलब्धियों, निर्णयों एवं योजनाओं पर आधारित होने के साथ ही मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव डालने के लिए आयोजित है। प्रदर्शनी में मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व पर चित्रों का प्रदर्शन आकर्षण एवं शिक्षाप्रद है। मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के व्यक्तित्व पर आधारित विकास प्रदर्शनी में अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी चित्रों का अवलोकन किया। इस अवसर पर बताया कि अन्त्योदय के उपासक मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाडा मनाया जा रहा जिसके अर्न्तगत प्रधानमंत्री जी के जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णायों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा श्री जफर इस्लाम के साथ जनप्रतिनिधिगण, दर्शकों के साथ ही जिला सूचना कार्यालय के क्षेत्रीय प्रदर्शनी अधिकारी असित सिंह, प्र0ए0डी0आई0ओ0 मुजम्मिल हुसैन, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## स्काउट गाइडों ने शिविर के आखिरी दिन सजाया तंबुओं का शहर

मुरादाबाद-मुरादाबाद के बिलारी में आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योड़ारा में तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। आखिरी दिन छात्र-छात्राओं ने तंबुओं के शहर का निर्माण किया। जिसमें श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर बने टेंट ने प्रथम स्थान हासिल किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड का सच्चा धर्म सेवा करना है। स्काउट सच्चा सेवा मित्र होता है स्काउट छात्र-छात्राओं द्वारा अपने तंबू में ही खाने पीने की वस्तुओं को तैयार किया गया। जिसको अतिथियों को स्वागत के दौरान प्रस्तुत किया गया। जो अत्यंत सराहनीय कार्य था। उससे पूर्व कॉलेज से गांव में रैली का आयोजन किया गया। रैली को हरी झंडी दिखाकर कॉलेज प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने रवाना किया। रैली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारों से पूरा गांव गुंजाएमान था। रैली में प्रभाकर शर्मा, गिरिराज सिंह, ममता रानी का सहयोग रहा तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने का आव्हान किया गया। निर्णायक मंडल में कालेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा, प्रवक्ता डा अनुपम गुप्ता, प्रवक्ता सुदेश कुमार, सहायक अध्यापक बलवंत सिंह, सहायक अध्यापक ममता रानी ने अपनी भूमिका निभाई। सहायक अध्यापक प्रभाकर शर्मा के निर्देशन में तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर में मनमोहन कौशिक, कोमल राम, लक्ष्मीकांत, रमेश चंद्र श्रोत्रीय, गिरिराज सिंह, हिमांशु श्रोत्रीय, नीरज दुबे, शिवप्रिया, महेंद्र चौधरी, हरीशंकर शर्मा, शिवप्रिया, पूजा यादव, राम मोहन शास्त्री आदि ने सहयोग दिया।

## मातृ वंदना की मुहिम में मुरादाबाद टॉप टेन में दर्ज

मुरादाबाद-जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। विशेष अभियान के तहत मुरादाबाद में चौदह सौ गर्भवती महिलाएं पंजीकृत हुईं। मुहिम के अंतर्गत प्रथम बार गर्भवती हुईं महिलाओं के पंजीकरण में मुरादाबाद प्रदेश में छठे स्थान पर दर्ज किया गया। जिला समन्वयक दीप्ति यादव ने बताया कि प्रथम बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को पंजीकृत करके उनकी मदद के लिए यह योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक लाभार्थी को गर्भवती होने पर 730 दिन के अंदर पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन धनराशि देय है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के ओवरऑल कार्यान्वयन में भी मुरादाबाद की रैंक यूपी में बेहतर हुई है। यूपी में मुरादाबाद पहले 46 वीं रैंक पर था अब 28वीं रैंक है। हाल ही में जिले की करीब 40 हजार लाभार्थियों के खाते में धनराशि पहुंची है।

# बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार का सुनहरा अवसर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मुरादाबाद के संयुक्त प्रयास से राजकीय आई0टी0आई0 कांठ रोड मुरादाबाद के परिसर में दिनांक 21-9-2022 को प्रात: 10.00 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 10 से 15 प्रतिष्ठित अधिष्ठान प्रतिभाग करेंगे। आई0टी0आई के किसी भी ट्रेड से उत्तीर्ण एवं अगस्त 2022 की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी प्रतिभाग कर सकते है।

हाईस्कूल/इन्टर/स्नातक/डिप्लोमा /डिग्री उत्तीर्ण एवं कौशल विकास विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी मेले में साक्षात्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में शासन/प्रशासन द्वारा जारी कोविड-2019 निर्देशो का पालन करना अनिवार्य है।

## छात्र छात्राओं को एनसीवीटी के प्रमाण पत्र बांटे




मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा स्थित अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में मंगलवार को सत्र 2020 -22 में आईटीआई उत्तीर्ण एनसीवीटी छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस दौरान आयोजित समारोहा में बतौर मुख्य अतिथि जीएसटी अधिकारी अनिरूद्ध चौहान ने कहा कि इस प्रमाणपत्र से रोजगार की राह आसान होगी। उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

**www.knlslive.com**

## आज मुरादाबाद आएंगे आरबीआई के बैंकिंग लोकपाल

मुरादाबाद-रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के बैंकिंग लोकपाल मुरादाबाद पहुंचेंगे। वह ग्राहकों के साथ संवाद करेंगे। इसमें बैंक ग्राहक बैंकिंग से संबंधित अपनी किसी समस्या को भी साझा कर सकेंगे। अग्रणी जिला बैंक अधिकारी गोविंद अवस्थी ने बताया कि आरबीआई के तत्वावधान में गुरुवार को मुरादाबाद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें आरबीआई कानपुर से उप लोकपाल सुषांत कुमार दास भाग लेंगे। कार्यक्रम रामगंगा विहार स्थित मोती महल डीलक्स में पूर्वान्ह साढ़े नौ बजे से अपरान्ह एक बजे तक आयोजित होगा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अवैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Cinema in Kashmir

The return of cinemas, cinema halls, multiplexes to the Valley region of Jammu and Kashmir is a pleasant and welcome one. The Lieutenant Governor of the Union Territory, Manoj Sinha, on Sunday made a new beginning by inaugurating multipurpose cinema halls in Shopian and Pulwama districts of South Kashmir. In the coming days, it will go a long way in transforming the atmosphere of Kashmir into a positive and pleasant one.

Multiplexes will also start in Srinagar next week. This is a big initiative, the effect of which will be visible from the coming winter. The people of this beautiful region of the country and the world have seen a long series of sorrows and pains and now everyone is waiting for good changes.

When terrorism started dominating, cinema halls were closed in 1990. In the 1980s, there were a total of 15 active cinema halls in the Valley, of which nine were in Srinagar. There the new generation will not even remember that once there were Broadway Cinemas, Regal Cinemas, Neelam Cinemas and Palladium Cinemas in Srinagar. Later most of the theaters turned into security forces camps. The profound damage that terrorism has caused to Kashmir includes damage to the entertainment industry and to the entertainment of the people. Although in the year 1999, there was an attempt to open a cinema hall in the valley, but when there was a terrorist attack on the show already, then no one dared. Now after the removal of Article 370, the atmosphere in the Valley has improved, so a new era of people's concern has started. If cinema is an important subject for the young generation of the rest of the country, why should it not be so for the youth of the Valley? After inaugurating the cinema hall, the Lieutenant Governor has said that we will soon build such multipurpose cinema halls in every district of Jammu and Kashmir. The first INOX multiplex is about to open in Srinagar, which will have a capacity of 520. Entertainment really gives relief and also different issues to think about. Recreation also plays a role in reducing aggression and depression. Now it will be the responsibility of the government that if the halls open, then their safety is ensured, only then people will come forward to watch the cinema. There such films can be prominently displayed, which are helpful in strengthening the unity and humanity of the country."The atmosphere in Kashmir has to be improved. Keep in mind, the Supreme Court has again refused to entertain the petition related to the killing and exodus of Kashmiri Pandits. The court has asked the petitioners to find out the right remedy in the matter. The petition was filed on behalf of Ashutosh Taplu, son of Tika Lal Taplu, who was killed in Kashmir. He had demanded an inquiry from the apex court into the murder and exodus of Kashmiri Pandits. Indeed, the pros and cons of opening the file of old massacres should be fully assessed. What solid evidence will now be available to prosecute a trial after almost thirty years? Which agency will be involved in the investigation and what will be the impact of the investigation on the ground? Will the investigation increase or decrease the coordination and communication in the society? Yes, it is definitely possible that if the environment starts improving, then the old wounds of the people will start to heal on their own.

# Kachcha Badam fame Anjali Arora shared the latest bold reel video, fans lost their sweat

Anjali Arora, who rose to fame by dancing to the song 'Kachcha Badam', has shared a video on Instagram. In this she can be seen dancing in a bold style. Anjali Arora is wearing a white colored shirt, with three buttons open. She is also wearing a garland of pearls, while she is also wearing lipstick. Her hair is open and she is seen dancing in a hot style. Anjali Arora is also looking at the camera in a beautiful way - Anjali Arora Very beautiful in the video Looking at the camera in style. Anjali Arora's reel has gone viral on Instagram. It has got more than 5 lakh 5 thousand views in 1 hour. While it has got more than one lakh likes, more than 2200 comments have been made on it. Fans have commented on Anjali Arora's video like So Cute, Amazing, So Hot, Beautiful. Anjali Arora was recently seen in Lockup Season One - Anjali Arora was recently seen in Lockup Season One. Her recent music video Has been released. Anjali Arora will soon be seen in films too. She Often she makes and shares her dancing reel. Her fans are also very excited about it. Fans like Anjali Arora's bold style - Fans like Anjali Arora's bold style. Anjali Arora has a huge fan following on social media. She has a huge fan following on Instagram. 19 million people follow. She also often talks to her fans. Her fans are also very excited about it. Anjali Arora has also been trolled many times for dancing, although it has no effect on her.



# Gauri Khan told why she has not come on Karan Johar's show till now, said- it is necessary to look glamorous there

This time the audience is waiting for Karan Johar's chat show Koffee with Karan. Especially to the fans of Shahrukh Khan. This time Gauri Khan will be on Karan's couch in the show. The show has been around for 18 years and Shah Rukh Khan has appeared in it many times. Gauri has not become Karan's guest till now. Now Gauri has told why she had not come on the show till now. Gauri first appeared on Karan's show in 2005. Then he said that Karan has brought him forcibly. Gauri and Susan had come at that time. Along with it were Hrithik Roshan and Shahrukh Khan. Told why has not come till now - Gauri Khan is a private person. He is rarely seen in chat shows. This time she will be seen chatting with her friends Bhavna Pandey and Maheep Kapoor in the episode of Koffee With Karan. The promo of the show is out and it is being liked a lot. Now Gauri has told during an interview that why she did not come on the show for so many years. Gauri told Bollywood Hungama, I think Karan never asked me to come. He told me only once in 18 years. Maybe they didn't ask me, I don't even remember. Many years have passed. They are friends and it was a lot of fun as I came with Maheep and Bhavna.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के महासम्मेलन में किया दलितों व पिछडों , अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने के लिऐ आर पार की जंग का ऐलान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिला पंचायत स्थिति जनेश्वर मिश्र प्रागंण में यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के तत्वाधान में एक महासम्मेलन का आयोजन पूर्व बीएसए रामगोपाल सिहं यादव की अध्यक्षता में समपन्न किया गया ! महासम्मेलन का सफल संचालन यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के जिलाध्यक्ष डा. राजेश यादव प्रमुख शिक्षाविद द्वारा किया गया तो मंचीय अतिथियों में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व काबीना मंत्री एवं प्रसपा के राष्ट्रिय अध्यक्ष शिवपाल सिहं यादव एवं भारत के प्रमुख उद्योगपति बाहुबलि डी.पी.यादव पूर्व मंत्री , जय प्रकाश यादव पूर्व मंत्री व विश्वआत्मा भरत गांधी राष्ट्रिय अध्यक्ष वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल सहित अनेक दिग्गज पूर्व सांसद व पूर्व विधायकों एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षों का भव्य महाअभिनदंन कट्टर हिन्दूवादी किसान नेता व यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के संस्थापक सदस्य राजू आर्या के नेत्रत्व में किया गया ! प्रसपा के जिलाध्यक्ष शराफत हुसैन ' काले ' एवं समाजसेवी मेधाव्रत शास्त्री द्वारा अतिथियों को भारी भरकम सुगंधित फूलों की माला पहनाकर मंच पर दलितो पिछडों व अल्पसंख्यकों के संविधान प्रदत्त अधिकारों को यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के बैनर तले जंग के जरिऐ हासिल करने हेतु एटा की सरजमी से हुंकार भरने पर अभिनन्दन किया गया ! महासम्मेलन में खचाखच हजारों पुरूषो व महिलाओं एवं नौजवानों व किसानो की भीड में बब्बर शेर की तरह गरजते हुऐ यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के राष्ट्रिय अध्यक्ष डी.पी.यादव पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी देश के जमीनी हालत बद से बदतर बने हुऐ है ! बाबा साहब भीमरॉव आम्बेडकर के द्वारा रचित भारतीय संविधान में दलितों शोषितों पिछडों व अल्पसंख्यक वर्गो के उत्थान की जो रूपरेखा तय करके मौलिक अधिकार दिऐ गऐ है उनका किसी भी सरकार ने अक्षरशः अनुपालन नहीं किया ! जो भी सरकारें रहीं उनकी मानसिकता इन वर्गो को विकास की मुख्य धारा से ध्यान हटाकर मानसिक रूप से गुलाम बनाने की रही ! यही कारण रहा कि आज भी ब्यूरोक्रेसी में कुछ मुट्ठी भर उच्च श्रेणी वर्ग के लोग सरकारों पर हॉवी रहकर बाबा साहब के संविधान में जो सामाजिक समरसता की झलक दिखायी पडती है उसको जमीनी धरातल पर साकार नहीं होने देना चाहते हैं ! बाहुबलि नेता डी.पी. यादव ने आगे कहा कि अब यदुकुल पुर्नजागरण मिशन हिन्दुस्तान के सभी प्रदेशों में जब तक भारत सरकार जातीय जनगणना नहीं करा देती है तब तक चुप नहीं बैठेगा ! उन्होने आगे कहा कि परिवर्तन का दौर है इसलिऐ जातिवाद , वर्णवाद ,समेत सामाजिक ,धार्मिक अथवा राजनैतिक अंधविश्वासों का उन्मूलन होना चाहिऐ ! महासम्मेलन को संबोधित करते हुऐ पूर्व काबीना मंत्री एवं प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिहं यादव ने कहा कि यदुकुल पुर्नजागरण मिशन का मुख्य लक्ष्य देश के किसानो को न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एम. एस.पी. )कानून बनवाकर लघु किसानों की आमदनी बढवाना है ! इसी के साथ देश में सबसे अधिक टर्नओवर वाली दो कंपनियो का राष्ट्रियकरण कराना तथा यूरोपियन यूनियन की तर्ज पर दक्षिण ऐशियाई देशों की यूनियन बनाने के लिऐ एक मंत्रालय बनवाना होगा एवं जनता के शेयर से चलने वाली सभी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों को भी आरक्षण दिलाना आवश्यक होगा ! विश्वआत्मा भरत गांधी राष्ट्रिय अध्यक्ष वोटर्स पार्टी इटंरनेशल ने कहा कि सबको सरकारी नौकरी दिलाना या सबको आठ हजार रूपया महीना दिलाने के लिऐ वोटरशिप अधिकार कानून बनाने की सम्मेलन के माध्यम से यदुकुल पुर्नजागरण मिशन मांग करता है ! यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के माध्यम से सम्मेलन में अहीर रेजीमेन्ट के गठन की मांग भी गुंजायमान की गयी ! सम्मेलन में आने से पूर्व श्री डीपी यादव का राजू आर्या के नेत्रत्व में कासगंज जिले के नदरई मोड पर सैकडों वाहनों के काफिले के साथ हजारों समर्थको ने आगवानी कर भव्य अभिनन्दन किया तथा सम्मेलन स्थल पर पहुंचने से पूर्व राज्यसभा के पूर्व सांसद डी.पी.यादव का राजू आर्या के पीएसी रोड आवास पर भव्य माल्यार्पण कर स्वागत किया गया , इसी तरह प्रसपा के जिलाध्यक्ष शराफत हुसैन काले के नेत्रत्व में सैकडों प्रसपा कार्यकर्ताओ ने मलावन टोल प्लाजा पर प्रसपा के राष्ट्रिय अध्यक्ष शिवपाल सिहं यादव का गर्मजोशी से आगवानी करते हुऐ अभिनन्दन किया ! उसके बाद प्रसपा के जिला कार्यालय गांधी मार्केट पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने शिवपाल सिहं यादव का जोशीले अंदाज में स्वागत किया

# जनपद में 18 क्रय केन्द्रों पर 01 अक्टूबर से शुरू होगी धान खरीद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिला खाद्य विपणन अधिकारी नन्द किशोर ने जिले के समस्त किसान भाईयों को सूचित किया है कि जिले में कुल 18 धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं, इन क्रय केन्द्रों पर शासन के निर्देशानुसार 01 अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी। शासन द्वारा इस वर्ष धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2040 रूपये प्रति कुन्टल एवं धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 2060 रूपये प्रति कुन्टल निर्धारित किया है। डिप्टी आरएमओ ने जनपद के किसान भाईयों से अपील की है कि धान की बिक्री करने से पूर्व विभाग की बेबसाइट fcs.up.nic.in पर ऑनलाईन पंजीकरण अवश्य करा लें। यह पंजीयन स्वयं, जनसुविधा केन्द्र एवं साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकता है। जिन किसान भाईयों ने गेहूँ खरीद वर्ष 2022-23 में पंजीकरण करा चुके हैं, उन्हें पुनः नवीन पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। धान की बिक्री हेतु उन्हें यथावश्यक संशोधन कर या बिना संशोधन के पुनः लॉक करना होगा। उन्होंने बताया कि धान बिक्री के समय पंजीयन प्रपत्र, कम्प्यूटराइज्ड खतौनी, फोटोयुक्त पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक की पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति अवश्य लेकर जायें। किसान भाई अपना बैंक खाता एन0पी0सी0आई0 मैप्ड अवश्य करा लें, ताकि सत्यापन एवं भुगतान में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# घर में घुस गोली मारकर युवक की हत्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जैथरा थाना क्षेत्र के गांव पिपहरा में सोमवार शाम घर में घुसकर चार आरोपियों ने एक युवक को गोली मार दी। गोली उसके सीन में लगी, जिससे मौके पर ही मौत हो गई आई छबीना ने बताया कि उसका 21 वर्षीय भाई ओमवीर सिंह दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। गांव के तीन लोग तथा पड़ोसी गांव नगला डांडा का एक व्यक्ति भी साथ में ही नौकरी करते हैं। रविवार रात को इन लोगों का भाई से कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया था। इन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद भाई काफी डर गया था और सोमवार सुबह ही दिल्ली से यहां के लिए निकल आया। आरोपी भी उसका पीछा करते हुए दिल्ली से चले आए। शाम करीब 5 बजे भाई घर पहुंचा और आधे घंटे बाद ही चारों आरोपी घर में नाजायज असलहे लेकर घुस आए। ये लोग भाई को खींचकर छत पर ले गए और देसी राइफल से उसके सीने में गोली मार दी। छबीना ने बताया कि कोई रंजिश नहीं थी, दिल्ली में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। सीओ अलीगंज विक्रांत द्विवेदी ने बताया कि मृतक और आरोपियों के बीच दिल्ली में झगड़ा हुआ था। सोमवार को लौटकर आए तो यहां भी झगड़ा हुआ, जिसके बाद इस वारदात को अंजाम दिया गया है। बताए गए सभी आरोपी गांव से फरार हैं।

# पत्रकार शिव कुमार पाठक के पिता श्री बीरेंद्र कुमार पाठक का निधन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पत्रकार शिव कुमार पाठक के पिता श्री बीरेंद्र कुमार पाठक निवासी पुरानी बस्ती एटा का स्वर्गवास हो गया है। उनका उपचार आगरा में चल रहा था। दु:ख की घड़ी में ईश्वर शिव कुमार पाठक के परिवार को धैर्य प्रदान करें। स्वर्गवासी आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि और शत शत नमन।

# शिक्षक के स्थानांतरण के खेल में फंस गए DIOS, हाईकोर्ट में किए गए तलब

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला विद्यालय निरीक्षक को एक शिक्षक की नियम विरुद्ध तैनाती कराने में हाईकोर्ट में तलब किया गया है। भारतीय इंटर कॉलेज कॉलेज न्यौराई में अंग्रेजी विषय के सहायक अध्यापक पद पर 20 नवंबर 2021 को शिक्षिका प्रीती तैनात की गईं। तैनाती के समय शपथ पत्र दिया गया कि आजीवन विद्यालय को सेवाएं दी जाएंगी। इसके बाद जुलाई में ही स्थानांतरण के लिए विद्यालय के अनापत्ति प्रमाण पत्र ( एनओसी ) की मांग की जाने लगी। विद्यालय में कोई अन्य अंग्रेजी शिक्षक न होने के चलते एनओसी जारी नहीं की गई तो दबाव बनाया जाने लगा। शिक्षिका ने डीआईओएस के माध्यम से सांठगांठ करके हमीरपुर जिले में तैनात बदायूं जिला निवासी अंग्रेजी शिक्षक ज्ञानवीर सिंह यादव का स्थानांतरण विद्यालय में करा दिया, जो कि स्थानांतरण प्रक्रिया के विपरीत था। इसको लेकर मामला तूल पकड़ गया और हाईकोर्ट में याचिका डाल दी गई। मामले की शासन में भी शिकायत की गई है। यहां पर शिक्षिका और डीआईओएस को हाईकोर्ट ने तलब किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र बाबू मिश्रा का कहना है कि शिक्षिका प्रीति की तैनाती को करीब छह माह हो पाए हैं। विद्यालय में अन्य कोई अंग्रेजी विषय का शिक्षक नहीं है। ऐसे में एनओसी जारी नहीं की जा सकती। हमीरपुर से एक शिक्षक को स्थानांतरण की गलत प्रक्रिया के तहत लाया गया है। ये बोले डीआईओएस डीआईओएस मिथलेश कुमार का कहना है कि विभाग में शासन स्तर पर मामला चल रहा है। वहां पर मैं भी गया था और सभी पक्षों को बुलाया गया। शासन स्तर से जो भी निर्णय होगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी

अन्य खबरों के लिए देखे. WWW.KNLSIVE.COM

# छत्तीसगढ़ की तरह गुजरात और हिमाचल में OPS का वादा, CM भूपेश बोले- हमने समझा कर्मचारियों का दर्द



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़, राजस्थान और झारखंड में हमने कर्मचारियों की परेशानी को समझा। अब गुजरात और हिमाचल प्रदेश की बारी है। वहां भी कांग्रेस सरकार आएगी, पुरानी पेंशन लाएगी। हिमाचल में कांग्रेस के वादों में पुरानी पेंशन स्कीम भी शामिल है। सीएम भूपेश बघेल ने सांसद राहुल गांधी के ट्वीट को रि-ट्वीट भी किया है। राहुल गांधी के संदेश के बाद सीएम भूपेश बघेल ने वीडियो संदेश भी जारी किया है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने कर्मचारियों की परेशानी को समझकर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किया। छत्तीसगढ़ की तरह राजस्थान में ओपीएस लागू किया गया है। झारखंड में हमारी साझा सरकार ने भी ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू किया है। बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार अड़ंगा लगा रही है, लेकिन उसका हमने रास्ता निकाल लिया है। हिमाचल की जनता से हमने वादा किया है। सरकार बनते ही 10 दिनों में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करेंगे। गुजरात में सरकार बनती है तो वहां भी ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किया जाएगा।

## पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक: राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने अपने ट्विटर पर लिखा- पुरानी पेंशन खत्म कर भाजपा ने बुजुर्गों को आत्मनिर्भर से निर्भर बना दिया। देश को मजबूत करने वाले सरकारी कर्मचारियों का हक है- पुरानी पेंशन। हमने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन बहाल की है। अब गुजरात में भी कांग्रेस की सरकार आएगी, पुरानी पेंशन लाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस साल के बजट भाषण का वह हिस्सा सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा करते दिख रहे हैं।

# नारायणपुर में नक्सलियों के नापाक मंसूबे नाकाम, अबूझमाड़ में 12 KG का पाइप बम बरामद, BDS ने किया डिफ्यूज



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले जवानों ने माओवादियों के नापाक मंसबों को नाकाम कर दिया। बड़ी वारदात को अंजाम देने नक्सलियों ने आईईडी प्लांट किया था, जिसे डिमाइनिंग टीम ने देखा और बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया। बम काफी शक्तिशाली था। अगर जवान इसकी चपेट में तो बड़ा नुकसान हो जाता। जवानों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। नारायणपुर एएसपी पुष्पक शर्मा ने बताया कि नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में रोड डिमाइनिंग अभियान के दौरान सोमवार को 12 किलो का शक्तिशाली बम बरामद किया गया है। जिला पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की संयुक्त टीम बीडीएस टीम के साथ अबूझमाड़ के आकाबेड़ा मार्ग पर सर्चिंग पर निकली थी। आकाबेड़ा मुख्य मार्ग में पुलिया के किनारे नक्सलियों ने सर्चिंग पार्टी को नुकसान पहुंचाने पाइप बम को प्लांट कर दिया था।

## पुलिया के किनारे आईईटी को किया था प्लांट

सर्चिंग के दौरान सड़क किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा वायर दिखाई दिया। उसे ट्रैक करते हुए बम निरोधक दस्ते की टीम ने 12 किलो वजनी एक नग पाइप आईईडी बरामद किया है। नक्सलियों ने नारायणपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सल अभियान को प्रभावित करने और पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की नीयत से पुलिया किनारे बम प्लांट किया था। बीडीएस की टीम ने आईईडी को सुरक्षित नष्ट कर दिया।

# सोनभद्र से मार्शल आर्ट सीखने वाराणसी आई छात्रा से रेप, रेल इंजन कारखाना परिसर में ट्रेनर ने ही की वारदात

सोनभद्र से वाराणसी मार्शल आर्ट सीखने आई एक छात्रा के साथ रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। छात्रा के साथ किसी और ने नहीं बल्कि उसके ट्रेनर ने ही दरिंदगी की है। बनारस रेल इंजन कारखाना ( बीएलडब्ल्यू ) कैंपस में वारदात को अंजाम दिया गया है। छात्रा की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी ट्रेनर की तलाश कर रही है। पीड़िता की तहरीर पर मंडुवाडीह पुलिस ने कंदवा निवासी विनोद प्रजापति के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोनभद्र की रहने वाली छात्रा एक महीने पहले ही मार्शल आर्ट सीखने वाराणसी आई थी। वह मंडुवाडीह क्षेत्र में अपनी सहेली के साथ रहती है। सेल्फ डिफेंस के उद्देश्य से उसने बीएलडबल्यू में मार्शल आर्ट ट्रेनर विनोद प्रजापति से सीखना शुरू किया था। सोमवार शाम बीएलडब्ल्यू कैंपस स्थित सूर्य सरोवर तालाब के पास विनोद उसे और 2 अन्य छात्रों को मार्शल आर्ट सिखा रहा था। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई। अन्य छात्रों को ट्रेनर ने कहा कि तुम लोग चले जाओ और छात्रा से कहा कि तुम्हें मै घर छोड़ दूंगा। शाम करीब 7=30 बजे के लगभग विनोद छात्रा को लेकर सरोवर के समीप स्थित झाड़ी में ले गया और उसके साथ रेप किया। छात्रा के अनुसार रेप के बाद वह इस कदर डर गई कि उसे कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। किसी तरह से हिम्मत जुटाई और घटना की जानकारी परिचित अधिवक्ता को दी। इसके बाद मंडुवाडीह थाने गई। मंडुवाडीह थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा को मेडिकल मुआयना के लिए भेजा जा रहा है।

# कांकेर में नक्सलियों ने पूर्व सरपंच को मारी गोली, अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत, माइंस में घुसकर किया हमला



छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादियों ने एक पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। जिले के दुर्गुकोंदल थाना अंतर्गत हाहालद्दी माइंस में नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने पूर्व सरपंच और वर्तमान में ग्राम पटेल नोहर सिंह तुलावी को गोली मारी है। पूर्व सरपंच को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया जा रहा था, लेकिन चारामा के पास उसने दम तोड़ दिया। दुर्गुकोंदल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोहर सिंह तुलावी मोनेट माइंस में काम कर रहा था। सोमवार को 3 नक?सली माइंस के अंदर आ घुसे। पहले उससे बात करते रहे और फिर नक्सलियों ने नोहर के सीने में बंदूक टिका कर गोली मार दी। नक्सलियों ने नोहर के सिर पर पत्थर से हमला भी किया और भाग गए। घायल नोहर को अस्पताल लाया गया। नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम द्वारा वारदात को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। दिनदहाड़े माइंस में गोली चलने से हड़कंप मच गया।

## घटना के बाद इलाके में बढ़ाई गई सर्चिंग

मिली जानकारी के मुताबिक 3 महीने पहले नक्सलियों ने नोहर के खिलाफ पर्चा भी फेंका था। पर्चे के माध्यम से नक्सलियों ने नोहर पर मोनेट माइंस का दलाली करने का आरोप लगाया था। पहले भी नक्सली पूर्व सरपंच पर हमला कर चुके हैं। सोमवार को नक्सलियों ने माइंस में घुसकर नोहर सिंह तुलावी को गोली मार दी। घटना के बाद माइंस में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दुर्गुकोंदल पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद इलाके में दहशत है। माइंस इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

# कश्मीर में सिनेमा हॉल खुले तो असदुद्दीन ओवैसी को याद आई मस्जिद, बोले- जुमे पर क्यों रहती है बंद



जम्मू-कश्मीर में अरसे बाद खुले सिनेमा हॉल और मल्टीप्लेक्स को लेकर सियासत शुरू हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को इस पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सिनेमा हॉल तो खुल रहे हैं, लेकिन जुमे पर मस्जिद क्यों बंद रहती है। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर में एलजी मनोज सिन्हा ने हाल ही में कुछ मल्टीप्लेक्सेज का उद्घाटन किया है। बताया जाता है कि फिल्म लाल सिंह चड्ढा के शो के साथ इनकी शुरुआत होगी।

## ओवैसी ने किया ट्वीट

उधर एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी को यह कदम रास नहीं आ रहा है। उन्होंने मंगलवार को सवाल किया कि जब जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां और पुलवामा जिले में बहुउद्देशीय सिनेमा हॉल का उद्घाटन किया तो श्रीनगर में जामिया मस्जिद हर शुक्रवार को बंद क्यों थी। ओवैसी ने ट्वीट किया कि आपने शोपियां और पुलवामा में सिनेमा हॉल खोले हैं। लेकिन श्रीनगर जामिया मस्जिद हर शुक्रवार को बंद क्यों रहती है? कम से कम दोपहर के मैटिनी शो के दौरान इसे खोलने का आदेश दें।

## कभी सिनेमाहॉल से गुलजार थी घाटी

बता दें कि जम्मू कश्मीर में सिनेमाहॉल लंबे अरसे से बंद हैं। 80 के दशक तक यहां पर करीब एक दर्जन सिनेमाहॉल चलाए जा रहे थे। लेकिन उनके मालिकों को लगातार आतंकियों की धमकियां मिलने लगी थीं। इसके चलते यह सभी बंद हो गए थे। हालांकि 90 के दशक में कुछ सिनेमाघरों को खोलने की कोशिशें की गई थीं, लेकिन आतंकवाद के चलते इस कोशिश में सफलता नहीं मिली थी। सितंबर 1999 में आतंकियों ने लाल चौक पर स्थित रीगल सिनेमा पर ग्रेनेड दाग दिया था।

# शादी का मतलब सिर्फ शारीरिक सुख नहीं, परिवार को बढ़ाना भी जरूरी- मद्रास हाई कोर्ट

बच्चे की कस्टडी के एक मामले की सुनवाई करते हुए मद्रास हाई कोर्ट ने शादी को लेकर अहम टिप्पणियां की हैं। अदालत ने कहा कि शादी का अर्थ सिर्फ शारीरिक सुख पाना ही नहीं है बल्कि परिवार को आगे बढ़ाना भी है। अदालत ने कहा कि यही एक आधार है, जिससे परिवार की चेन आगे बढ़ती है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी शादी में बच्चा कपल के बीच उन्हें आपस में जोड़े रखने का आधार होते हैं। जस्टिस कृष्णन रामास्वामी ने केस की सुनवाई के दौरान कहा कि दंपति के बीच संबंध खत्म हो सकते हैं। लेकिन उनका बच्चों के साथ माता और पिता के तौर पर संबंध बना रहता है।उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे के लिए उसके माता और पिता दोनों अहम होते हैं, भले ही उनमें से किसी ने अन्य से शादी कर ली हो। वकील दंपति के बीच बच्चे की कस्टडी को लेकर चल रहे केस की सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की। दरअसल वकील शख्स ने अदालत की ओर से दिए गए कई आदेशों के बाद भी पत्नी को अपने बच्चे से मुलाकात नहीं करने दिया था। इसके बाद महिला ने अदालत का रुख किया और कहा कि पति ने पैरेंट्स के तौर पर उसके अधिकारों को खारिज करने की कोशिश की है। ऐसा करना गलत है और उसके अधिकारों को खारिज करने वाला है। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस रामास्वामी ने कहा, %बच्चे को अपनी ही मां या पिता के खिलाफ खड़ा करना गलत है। यह एक तरह से उसे अपने ही खिलाफ करना है। एक बच्चे को सीधे तौर पर दोनों हाथों की जरूरत होती है यानी मां और बाप उसके लिए जरूरी होते हैं। बच्चों को पूरी जिंदगी और खासतौर पर वयस्क होने तक पैरेंट्स की जरूरत होती है।% यही नहीं जस्टिस रामास्वामी ने कहा कि बच्चे में पैरेंट्स के प्रति तब तक नफरत की भावना नहीं हो सकती, जब तक उसका कोई करीबी और भरोसेमंद उसे न उकसाए। उन्होंने कहा कि यह ठीक नहीं है कि बच्चा जिसकी कस्टडी में हो, वह उसे दूसरे पैरेंट के खिलाफ भड़काने की कोशिश करे।

# भारतीय किसान मजदूर पंचायत में क्षेत्रीय समस्याएं रही मुख्य मुद्दा

राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी द्वारा मासिक किसान पंचायत का आयोजन ब्लाक परिसर फरीदपुर में किया गया इसमें बोलते हुए यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी बरेली करन सिंह यादव ने ग्रामीण बिजली कटौती एवं लाइन पार कस्बा फरीदपुर को शहरी फीडर से जुड़वाने की बात कही इस अवसर पर सरदार कश्मीर सिंह ने भिटरिया एवं डगरोली गांव में चकबंदी का मुद्दा उठाया ग्राम फैजनगर के शराफत अली ने हल्का लेखपाल द्वारा विपक्षी पार्टी द्वारा उसके घर पर कब्जा कराने की बात कही पंचायत में सर्वसम्मति से धान क्रय केंद्रों को न्याय पंचायत स्तर पर खोलने से संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी महोदय फरीदपुर को सौंपा गया इस अवसर पर कार्यकारिणी का गठन भी किया है जिसमें कश्मीर सिंह को मंडल सचिव बरेली रामनपाल उर्फ गुड्डू को जिला सचिव बरेली राजेश कुमार को ब्लाक अध्यक्ष भूता मनवेश सिंह को ब्लाक उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव को मंडल सचिव विनोद कुमार उर्फ गुड्डू को तहसील उपाध्यक्ष फरीदपुर प्रेमपाल सिंह को ब्लाक अध्यक्ष फरीदपुर राजवीर सिंह को न्याय पंचायत अध्यक्ष नबादा बिलसंडी नरवीर सिंह को तहसील उपाध्यक्ष फरीदपुर बीरपाल सिंह को तहसील अध्यक्ष फरीदपुर ज्ञान सिंह को न्याय पंचायत अध्यक्ष ढडरुआ जय सिंह वर्मा को जिला उपाध्यक्ष बरेली के पद पर मनोनीत किया गया इस अवसर पर सैकड़ों किसान मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# आंठवी अखण्ड ज्योति लेने भक्तो का जत्था ज्वाला देवी को रवाना




राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-आंवला/सिरौली-नगर से हर साल की तरह इस साल भी आठवीं अखंड ज्योति लेने देवी भक्तो का जत्था आज किराना व्यापारी प्रदीप गुप्ता की अगवाई में ज्वाला जी रवाना हुआ जत्थे में प्रियम गुप्ता, यशु वैश्य गुप्ता, वरुण आकांक्षा , रामबाबू गुप्ता , बबिता गुप्ता , अनिल गुप्ता, रागिनी गुप्ता सौरभ खत्री, सतीश गुप्ता, हनु रस्तोगी, नन्दन रस्तोगी, अम्रत गुप्ता ,आदर्श गुप्ता ,आदि रहे उन्होंने बताया कि वह वैष्णो देवी , चिंतपूर्णी माता, कांगड़ा देवी माता, चामुण्डा देवी माता , ज्वाला देवी माता से ज्योति लेकर 25 सितंबर को वापस सिरौली पहुचेंगे ।देवी भक्तो को रवाना करने वालो में सोमपाल वर्मा, अमित सिंह, अर्जुन सिंह कठेरिया, सचिन गुप्ता , आदि रह

# वृद्धा महिलाओं का इतना सम्मान किया शायद,किसी ब्लॉक में नहीं किया- ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- विकास खंड अधिकारी धनीपुर कार्यालय पर सैहोर से,आई वृद्ध महिला वीडियो धनीपुर ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह से मिली उस वृद्ध महिला ने अपनी समस्या से विकास खंड अधिकारी धनीपुर को अवगत कराया उस वृद्ध महिला ने अपनी परेशानी एवं अपनी समस्याएं विकास खंड अधिकारी ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह के सामने रखी समस्याएं सुनकर संबंधित सेक्रेटरी को कार्रवाई के आदेश जारी किए वृद्ध महिला सैहोर से आई थी विकास खंड अधिकारी धनीपुर ने अति शीघ्र समस्या का समाधान कर दिया सम्मान देते हुए कुर्सी पर बैठाया चाय पिलाई पूरा काम करके दिया महिला खुश होकर के अपने गांव सैहोर,चली गई विकास खंड अधिकारी धनीपुर ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह को आत्मा से बहुत बड़ा आशीर्वाद देकर गई अगर इसी तरह के सभी ब्लॉकों में विकास खंड अधिकारी हो तो ब्लॉक बहुत ऊंचे स्तर पर पहुंच जाएंगे ऐसे अधिकारी मिलेंगे तो देवेंद्र पाल सिंह जैसे तो ब्लॉक स्तर आगे बढ़ेगा

# दीदी, उस औरत को मत छोड़ना... व्हाट्सएप पर वीडियो भेजकर युवक ने लगाई फांसी

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के मझोला थाना इलाके में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव पेड़ की डाल में फंदे से लटका मिला। खुदकुशी से पहले युवक ने तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर अपनी बहन को वाट्सएप पर भेजा। इन वीडियो में युवक ने अपनी आत्महत्या के लिए दोस्त की पत्नी को जिम्मेदार बताया। उसने दोस्त की पत्नी के चरित्र पर टिप्पणी करते हुए गंभीर आरोप भी लगाए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव रायपुर कला निवासी रवि कश्यप( 22 ) मुरादाबाद मझोला थाना क्षेत्र के एकता कालोनी में अपनी बहन मिथलेश और बहनोई किशन के साथ रहता था। किशन एमडीए में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। किशन ने बताया कि रवि चौकीदार के साथ वाहन चलाने का काम करता था। रविवार रात को वह घर से बाइक लेकर निकला था। घर से निकलते समय बताया था कि काशीरामनगर के बुद्धा पार्क किसी से मिलने जा रहा है। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। सोमवार सुबह गौतम बुद्धा पार्क के पास ही सड़क किनारे एक पेड़ पर रवि का शव डाल के सहारे फंदे से लटका मिला। राहगीरों की सूचना पर मझोला पुलिस मौके पर पहुंच गई। थोड़ी देर में ही सीओ सिविल लाइंस डॉ. अनूप



सिंह और एसएचओ मझोला धनंजय सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने फारेंसिक टीम से जांच पड़ताल कराके साक्ष्य संकलन के बाद शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पाकर बहन और बहनोई भी मौके पर पहुंच गए। बाद में बहन ने बताया कि उसके मोबाइल पर रवि का वीडियो संदेश आया है। उसने वीडियो संदेश भी पुलिस को दे दिए। एसएचओ मझोला धनंजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम में फांसी से मौत की पुष्टि हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। बहनोई किशन ने बताया कि रवि ने वीडियो में जिस महिला का जिक्र किया है वह काशीरामनगर में पति के साथ रहती है। उसने कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

## बहन से मांगी माफी,

www.knlslive.com

## कहा महिला को मत छोड़ना

फांसी लगाकर खुदकुशी करने से पहले रवि ने तीन वीडियो बनाकर बहन के वाट्सएप पर भेजे थे। पहली ही वीडियो में उसने बहन से मांगी मांगी और अपनी आत्महत्या का कारण भी स्पष्ट किया। वीडियो में उसने खुदकुशी के लिए दोस्त की पत्नी को जिम्मेदार बताया। वीडियो में युवक कह रहा है कि उसे किसी सूरत में मत छोड़ना। उसने प्यार का नाटक करके मुझे अपने जाल में फंसाया और मुझे धोखा देकर 10 लड़कों से अफेयर किया है। मेरी मौत के बाद उसे इसकी सजा मिलनी चाहिए। मृतक का कहना था कि महिला ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। उसने जब महिला के बेटे के जन्मदिन पर उसके पति से ये बातें बतानी चाही तो आरोपी महिला ने दुष्कर्म के आरोप में फंसाने की धमकी देकर शांत करा दिया।

# पति को प्रेमिका के साथ रंगरलियां मनाते देख भड़की पत्नी, दोनों की चप्पल से जमकर की पिटाई



ताजनगरी आगरा में सोमवार रात हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जब एक पत्नी ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ होटल के कमरे में रंगे हाथों पकड़ लिया। पति को दूसरी औरत के साथ देख महिला आग बबूला हो गई और सेंडल उतारकर अपने पति और उस महिला की जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान उस महिला ने पति की प्रेमिका को बाल पकड़-पकड़कर मारा वहीं उसका पति बार-बार माफी मांगता नजर आया। पति और उसकी प्रेमिका हाथ जोड़कर महिला के सामने गिड़गिड़ाते रहे।

इस दौरान महिला के भाई ने वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। महिला ने धोखेबाज पति की करीब एक घंटे तक पिटाई की और फिर देर रात उसे पुलिस के हवाले कर दिया। महिला लगातार अपने पति को पीटते हुए पूछती रही कि तुमने मुझे धोखा क्यों दिया? पुलिस के मुताबिक आगरा दिल्ली हाईवे के एक नामी अस्पताल में आईसीयू विभाग के इंचार्ज दिनेश गोपाल अपनी शादीशुदा प्रेमिका के साथ होटल के कमरे में रंगरेलियां मना रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी को खबर लग गई और वो अपनी बेटी और रिश्तेदारों के साथ होटल पहुंच गई। होटल में पति और उसकी प्रेमिका को साथ देख महिला का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया और उसने दोनों की जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। काफी देर तक दोनों की पिटाई करने के बाद महिला ने अपने पति की प्रमिका के पति को भी होटल बुला लिया। महिला का आरोप है कि उसका पति काम के बहाने हर दूसरे दिन गायब रहता था और अच्छी कमाई के बावजूद घर में पैसे नहीं देता था।

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# ट्रेन से गिरकर पुलिस होमगार्ड की मौत

राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-आंवला- थाना सिरौली के ग्राम बराथानपुर निवासी शेरसिंह यादव की ट्रेन से गिर कर मौत हो गई ,आपको बता दे की शेरसिंह यादव पुलिस में होमगार्ड है और बरेली में ड्यूटी कर रहे थे रविवार रात की ड्यूटी कर सोमवार सुबह ट्रेन से अपने घर आ रहे थे , ट्रेन के दवतरा स्टेशन पहुंचने पर शेरसिंह गेट पर आ गए , ट्रेन रुकने पर लगे झटके के साथ शेरसिंह का पैर फिशल गया और गिर गए , जिससे होमगार्ड शेरसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए , बहा पर मोजूद लोगो ने परिजनों को सूचना दी , परिजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए बरेली ले गए , डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया , पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है , मृतक के परिवार में कोहराम मच गया ,मृतक के छः बच्चे है, जिनकी शादी सभी की हो चुकी है ,